Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 23-08-2006

Participants : Ajgalle Shri Guharam

an>

Title: Need to provide Railway network in Sarangarh Parliamentary Constituency, Chhatisgarh.

श्री गुहाराम अजगल्ले (सारंगढ़) : महोदय, छतीसगढ़ में रायपुर, बलौदा बाजार, कसडोल, गिधौरी, भटगाव, सारंगढ और झाड़ सुगाड़ा में नयी रेल लाइन का सर्वे पूर्व में किया गया था। मान्यवर सारंगढ़ लोक सभा क्षेत्र का क्षेत्रफल उत्तर से दक्षिण में 250 किलोमीटर और पूर्व से पश्चिम 150 किलोमीटर तक फैला हुआ है। सारंग्ढ़ लोक सभा क्षेत्र में चार जिले आते हैं लेकिन रेल लाइन इस लोक सभा क्षेत्र को कहीं से भी टच नहीं करती है। क्षेत्र के लोगों की मांग है कि इन क्षेत्रों को भी रेल लाइन से जोड़ा जाये।

माननीय महोदय, आपके माध्यम से मेरा रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि नयी रेल लाइन कार्य योजना में इसे प्राथमिकता क्रम में रखने की कृपा करें।